पत्रांक : केन्द्रीय (मा०)–377/22–के0–137

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

प्रेषक,

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

सेवा में,

**जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
सीवान, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय,
मधुबनी, खगड़िया एवं भोजपुर।

पटना, दिनांक : 03/02/2023

**विषयः आपके जिलान्तर्गत वार्षिक माध्यमिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले निर्दिष्ट विद्यालयों के परीक्षार्थियों का परीक्षा केन्द्र परिवर्तन के निमित्त आवश्यक कार्रवाई के संबंध में।**

**प्रसंगः** समिति कार्यालय पत्रांक–(i) केन्द्रीय (मा0)–432/22–के0 45, दिनांक 11.01.2023 (DEO, Siwan को संबोधित),
(ii) केन्द्रीय (मा0)–437/22–के0 53, दिनांक 13.01.2023 (DEO, Muzaffarpur को संबोधित),
(iii) केन्द्रीय (मा0)–442/22–के0 54, दिनांक 13.01.2023 (DEO, Begusarai को संबोधित),
(iv) केन्द्रीय (मा0)–436/22–के0 55, दिनांक 14.01.2023 (DEO, Madhubani को संबोधित),
(v) केन्द्रीय (मा0)–433/22–के0 60, दिनांक 16.01.2023 (DEO, Khagaria को संबोधित),
(vi) केन्द्रीय (मा0)–436/22–के0 61, दिनांक 16.01.2023 (DEO, Madhubani को संबोधित),
(vii) केन्द्रीय (मा0)–436/22–के0 70, दिनांक 18.01.2023 (DEO, Madhubani को संबोधित),
(viii) केन्द्रीय (मा0)–433/22–के0 73, दिनांक 19.01.2023 (DEO, Khagaria को संबोधित),
(ix) केन्द्रीय (मा0)–442/22–के0 77, दिनांक 20.01.2023 (DEO, Begusarai को संबोधित),
(x) केन्द्रीय (मा0)–442/22–के0 85, दिनांक 21.01.2023 (DEO, Begusarai को संबोधित),
(xi) केन्द्रीय (मा0)–422/22–के0 99, दिनांक 28.01.2023 (DEO, Bhojpur को संबोधित),

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संदर्भित प्रासंगिक पत्र का कृपया निदेश किया जाय। आपके जिले से आखिरी समय में प्राप्त अनुशंसा/अनुरोध पर वार्षिक माध्यमिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले कतिपय विद्यालय के छात्र अथवा छात्रा का पूर्व से निर्धारित परीक्षा केन्द्र को परिवर्तित करते हुए संशोधित कर नये पुनर्निर्धारित परीक्षा केन्द्र के विषय में प्रासंगिक पत्रों के द्वारा अलग–अलग आपके साथ–साथ संबंधित विद्यालय के प्रधान, केन्द्राधीक्षक एवं अन्य संबंधितों को अवगत कराया जा चुका है।

2. उल्लेखनीय है कि परीक्षा केन्द्र परिवर्तन से आच्छादित विद्यालयों के निर्दिष्ट छात्र अथवा छात्रा के पुनर्निर्धारित परीक्षा केन्द्र के आधार पर उनका संशोधित मूल प्रवेश पत्र भी समिति के वेबसाईट पर पुनः अपलोड करते हुए इसे डाउनलोड कर परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराने एवं उन्हें इस संबंध में अवगत कराने हेतु भी पूर्व में ही अनुरोध किया जा चुका है।

3. विदित हो कि उक्त संदर्भ में संबंधित सभी छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, विद्यालय प्रधान, परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक एवं अन्य संबंधितों को इसकी जानकारी के साथ–साथ उनके स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई हेतु स्पष्ट निदेश के साथ समिति द्वारा **विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 38/2023 दिनांक 01.02.2023 को** दैनिक समाचार पत्रों में प्रसारित भी की जा चुकी है एवं इसकी प्रति **ज्ञापांक–केन्द्रीय (मा0)–377/22–के0 118, दिनांक 31.01.2023** के द्वारा आपके ई–मेल पर भी प्रेषित है।

4. इस परिदृश्य में आपके स्तर पर भली–भांति जांच कर यह आश्वस्त होना आवश्यक है कि जिलान्तर्गत जिन विद्यालयों के छात्र अथवा छात्रा का परीक्षा केन्द्र परिवर्तन किया गया है, उनका संशोधित मूल प्रवेश पत्र पुनर्निर्धारित परीक्षा केन्द्र के आधार पर उनके विद्यालय प्रधान के द्वारा प्राप्त कराया जा चुका है। साथ ही संशोधित/परिवर्तित परीक्षा केन्द्र से संबंधित सभी छात्र/छात्रा को अपने पुनर्निर्धारित परीक्षा केन्द्र की जानकारी प्राप्त हो गई है तथा उन्होंने अपना संशोधित मूल प्रवेश पत्र प्राप्त कर लिया है। अब

उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने में किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं है। **साथ ही साथ परिवर्तन उपरांत पुनर्निर्धारित परीक्षा केन्द्र एवं उस परीक्षा केन्द्र में संबद्ध विद्यालयों के सभी छात्र/छात्राओं के अनुसार समिति द्वारा आपूरित परीक्षा संबंधित सभी सामग्रियों को परीक्षा केन्द्र पर प्राप्ति/आपूर्ति एवं इनका उपयोग करते हुए निर्बाध परीक्षा संचालन का दायित्व आपका होगा। इस पर आपका विशेष सतर्क, निगरानी अनिवार्य रूप से आवश्यक है।**

**5.** वर्णित परिदृश्य में अनुरोध है कि कंडिका–4 के आलोक में सभी आवश्यक कार्रवाई अपनी देख–रेख एवं पर्यवेक्षण में सुनिश्चित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

03/02/23

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

3/2/23 3/2/23

ज्ञापांक : केन्द्रीय (मा०)–377/22 –के0-137/पटना, दिनांक : 03 / 02 /2023
प्रतिलिपि